कर दो कृपा छठ माँ छठ पूजा भजन लिरिक्स

कर दो कृपा छठ माँ,
ओ मैया,
कर दो कृपा छठ मां,
करूँ मैं तेरा व्रत हर साल,
तुझे पूजूँ सदा छठ माँ।bd।

तर्ज – हुस्न पहाड़ों का।

सोच के बिताऊं मैं,
सारी सारी रतियाँ,
तेरे दरश को,
तरसे है अखियां,
दरश दिखा छठ माँ,
मुझे भी,
दरश दिखा छठ माँ,
करूँ मैं तेरा व्रत हर साल,
तुझे पूजूँ सदा छठ माँ।bd।

साथी सहेली को,
घर में बुलाऊँ,
थाल सजाऊँ,
तुझे भोग लगाऊं,
तू भी तो आ छठ माँ,
हमारे घर,
तू भी तो आ छठ माँ,
करूँ मैं तेरा व्रत हर साल,
तुझे पूजूँ सदा छठ माँ।bd।

साँझ विहाने,
तेरे घाट जाऊं,
दीनानाथ को जाके,
अर्घ चढ़ाऊँ,
मुझे भी बुला छठ माँ,
एक बार,
मुझे भी बुला छठ माँ,
करूँ मैं तेरा व्रत हर साल,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तुझे पूजूँ सदा छठ माँ।bd।

सच्चे हृदय से,
तुझको मनाऊं,
अमर सुहागन,
मैं वर चाहूँ,
सुनले जरा छठ माँ,
कहे ये 'शिवम',
सुनले जरा छठ माँ,
करूँ मैं तेरा व्रत हर साल,
तुझे पूजूँ सदा छठ माँ।bd।

कर दो कृपा छठ माँ,
ओ मैया,
कर दो कृपा छठ मां,
करूँ मैं तेरा व्रत हर साल,
तुझे पूजूँ सदा छठ माँ।bd।

Singer – Annushree Sharma

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com